# चलो समाचार पत्र डिज़ाइन करें !





शिक्षक समाचार पत्रों से सीखने और सिखाने के अवसरों में रुचि रखते हैं। समाचार पत्र दिखने में सरल लगते है लेकिन उन्हें बनाने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया में कई चरण शामिल होते हैं, जैसे कि जानकारी इक्कठा करना, समाचार पत्र के विविध भागों के लिये लेखन करना, योजना बनाना और व्हिज्युअल डिज़ाइन पर काम करना। यहां बतायी गई समाचार पत्र बनाने की गतिविधि माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए एक पांच सप्ताह के शिविर का हिस्सा थी। इस शिविर में छात्रों को “बच्चों के लिए समाचार पत्र” डिज़ाइन करके बनाना भी था।


शिविर में आये छात्रों की पहली भाषा मराठी थी और इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के पढ़ने, समझने और लिखने के कौशल को विकसित करना था। इसके साथ शिविर का उद्दिष्ट एक जुट होकर समूह में काम करना, सहयोग और व्यावहारिक कौशल से परिचित करना भी था। इस शिविर में छात्रों को व्हिज्युअल डिज़ाइन के बुनियादी तत्वों से भी परिचित करवाया गया। इस गतिविधि की संकल्पना छात्रों को समाचार पत्र बनाने की प्रक्रिया से परिचित करवाना था। साथ ही, छात्रों को अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए समाचार पत्र के माध्यम का उपयोग करना था। यह गतिविधि डिज़ाइन थिंकिंग, प्रोटोटाइपिंग और कोलॅबोरेटीव्ह डिज़ाइन के प्रगतिशील शिक्षा पर प्रकाश डालती है।

नीचे दिए गए टेबल में पांच सप्ताह की अवधि में की गई गतिविधियों की श्रृंखला (लेबल स.१ से स.५) और प्रति सप्ताह में किए गए कार्यो का विभाजन (उदाहरण के लिए स.१ (क), (ख) ) दिया गया है। पूरे शिविर के दौरान, छात्रों ने समूहों में या जोड़ियों में काम किया। इस गतिविधि का परिणाम हाथ से बनाया गया बच्चों का समाचार पत्र था जिसे २७.५ सी.मी. x ३७.५ सी.मी के कागज पर डिज़ाइन किया गया था। यदि शिक्षक कक्षा में यह क्रिया करना चाहते है तो वह छात्रों की संख्या और उपलब्ध सामग्री के अनुसार, यहाँ दी गई क्रियाओं और उनके क्रम को सुविधानुसार बदल भी सकते है।

| क्रमांक | गतिविधि | विवरण |
|---|---|---|
| **स.१ (क)** | समाचार और उसके स्त्रोत क्या है इसपर सामान्य चर्चा  | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सभी छात्र।<br><br>इस चर्चा में छात्रों को ज़्यादा से ज़्यादा विचार प्रस्तुत करने लगाएं। |
| **स.१ (ख)** | पटकथा लेखन और अभिनय  | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन छात्रों का समूह।<br><br>समाचारों से प्रेरित "कार्ड/पत्रक" सभी समूहों को पढ़ने और अभिनय करने (भूमिका निभाने) के लिए दिये जाएंगे। कार्ड में एक वास्तविक समाचार का सारांश (४ - ५ पंक्तियाँ) होना चाहिए। छात्रों को ३ लोगों की एक स्क्रिप्ट तैयार करनी है (एक एंकर, एक रिपोर्टर और एक व्यक्ति जो समाचार से जुड़ा है- उदाहरण के लिए, पीड़ित/ हितधारक)। इसके लिए एक संदर्भ का नमूना दिया जाएगा। अभिनय के बाद, छात्र उसी समाचार को एक प्रिंट किये हुए समाचार पत्र लेख के रूप में पढ़ेंगे। |
| **स.१ (ग)** | समाचार देने और पढ़ने के लिए प्रिंट और डिजिटल माध्यम के पक्ष-विपक्ष पर चर्चा | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सभी छात्र।<br><br>यह चर्चा गतिविधि में रुचि पैदा करने के साथ समाचार प्रस्तुत करने के विभिन्न माध्यमों के संबंध में छात्रों की धारणाओं को संबोधित करने में मदद करती है। |
| **स.१ (घ)** | वयस्क एवं बच्चों के समाचार पत्रों का विश्लेषण  | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: दो छात्रों का समूह (जोड़ियाँ)।<br><br>इस कृति के दौरान शिक्षक निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करें।<br>समाचार पत्र का विश्लेषण: समाचार पत्र के अनुभाग, आकार और पृष्ठों की संख्या, दृश्य प्रस्तुति, आदि।<br>समाचार के लेख का विश्लेषण: पाठ का मुख्य भाग, महत्वपूर्ण बातें, रंगीन बॉक्स में लिखी गई बातें, चित्र और तारीख। |

| | | |
|---|---|---|
| **स.१ (च)** | समाचार पत्र के अनुभाग तय करने के लिए सर्वेक्षण | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सभी छात्र।<br><br>उपर वर्णन किये गए समाचार पत्रों का विश्लेषण करने से, छात्रों को **"बच्चों के समाचार पत्र"** में अनुभाग बनाने में फायदा होगा। छात्र, समाचार पत्र में कौनसे भागों को देखना चाहते हैं वह निर्णय मतदान करके ले पाएंगे। उदाहरणार्थ: खेल, इंटरव्यू, विज्ञापन, विशेष समाचार, कहानियाँ, कविताएँ, चित्र, फ़ोटो आदि। |
| | | |
| **स.२ (क)** | दिलचस्प लेखों की नीरस लेखों के साथ तुलना करना<br><br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>छात्रों को पढ़ने और विश्लेषण करने के लिए कुछ लेख दें। छात्रों को अपने लेख को अधिक रोचक कैसे बनाये इस विषय पर चर्चा करने के बाद, कुछ टिप्स / दिशानिर्देश शेयर करे। जैसे की लेख पढ़ने वाले के बारे में सोचना, आसान शब्दों का प्रयोग, छोटे वाक्य, आकर्षक हेडलाइंस, अनावश्यक अतिशयोक्ति से बचना, समझने में आसान और संबंधित स्थितियों का संदर्भ देना।<br><br>इसके बाद छात्रों को किसी भी विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखने और उसपर एक शीर्षक देने के लिए कहे। इस प्रक्रिया में, छात्रों को उनके साथियों द्वारा तैयार किए गए लेखों पर टिप्पणी करने के लिए प्रोत्साहित करें। |
| **स.२ (ख)** | शीर्षक<br> | खेल-खेल में शीर्षक समझने की गतिविधि के दो उद्देश्य हैं (i) छात्रों को अधिक पढ़ने के लिए प्रेरित करना और (ii) आकर्षक शीर्षक लिखने पर ध्यान केंद्रित करना।<br><br>खेल 1: सभी छात्र<br>कैप्शन इट: दिये गये चित्र के लिए रचनात्मक शीर्षक लिखना। इसके लिए, छात्रों को विभिन्न प्रकार के चित्र दिखाए और कौनसे शीर्षक चित्र का वर्णन आकर्षक रूप से करते हैं यह सोचने के लिए कहें। |

| | | |
|---|---|---|
| |  | खेल 2: चार/पांच छात्रों का समूह<br>हेडलाइन हंट: छात्रों को बिना शीर्षक वाले 10 समाचार लेखों के कटआउट दें और साथ ही में 10 अलग-अलग शीर्षक की कटिंग्स दें। उसके बाद छात्रों को लेख के साथ सही शीर्षक को मिलाना है। |
| **स.२ (ग)** | समाचार पत्र का अनुभाग और संगठन<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>छात्रों को मोटे काग़ज़ वाले फोल्डर दें, जिसमें वे पॉकेट जैसे कुछ भाग बनाएंगे। छात्रों को उनका काम आयोजित रखने के लिए फोल्डर पर उपयुक्त पर्चे (सेक्शन) जोड़ने के लिए कहें। यह छात्रों को केंद्रित रहने में, हर स्तर पर काम आयोजित करने में और अपने दैनिक कार्य और प्रक्रिया का रिकॉर्ड रखने में मदद करेगा। |
| **स.२ (घ)** | गेम डिज़ाइन<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सामूहिक कार्य और जोड़ियों में।<br><br>छात्र खेल खेलना क्यों पसंद करते हैं? वे कौनसे खेल खेलना पसंद करते हैं? ऐसा क्या है जो किसी भी खेल को मज़ेदार और दिलचस्प बनाता है इस पर चर्चा करें।<br><br>प्रत्येक समूह को खेलों के दो नमूने दें जो आमतौर पर बच्चों के समाचार पत्रों में दिखाई देते हैं। इस कार्य में दो खेलों को मिलाकर एक नया खेल बनाना है।<br><br>छात्रों को उनके खेल डिज़ाइन करने के लिए व्यापक मार्गदर्शी सिद्धांत दें- (१) नए खेल में उन्हें दिए गए दो खेलों के तत्व होने चाहिए। (२) उनके खेल में नए तत्वों का समावेश होना चाहिए। (३) खेल मजेदार होना चाहिए।<br><br>जैसे ही छात्र नए खेल बनाकर समाप्त कर लेते हैं, तो प्रत्येक खेल की प्रतियां सभी छात्रों को खेल खेलने और परीक्षण करने के लिए दें । इसके बाद प्रत्येक समूह को अपने फीडबैक स्टेशन पर प्रतीक्षा करने के लिए कहें जहां अन्य छात्र फीडबैक देने और अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने के लिए आएंगे। |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| **स.३ (क)** | विज्ञापन<br><br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>विज्ञापन क्या है, विज्ञापनों के प्रकार और घटक, उनका सामान्य लेआउट (ख़ाका), इस पर चर्चा करें। इस संक्षिप्त चर्चा के बाद, छात्रों को 'समर कैंप' की घोषणा करते हुए एक विज्ञापन तैयार करना है, जिसमें स्कूल के अन्य छात्रों को शामिल होने के लिए आमंत्रण है। |
| **स.३ (ख)** | हस्तकला<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>हाथ से बनाने के कौशल के साथ-साथ योजना बनाने का अनुभव देने के लिए, एक हस्तकल क्रिया करें (चित्र में दिखाए गए 3D फ्रेम की तरह किसी भी हस्तकला का इस्तेमाल करें )। यह गतिविधि बहुत सी बातों पर प्रकाश डालती हैं जैसे की: दिए गए चीजों को अपेक्षित उत्पादन में बदलने के लिए उनमे कैसे बदलाव करें, मापन, डिज़ाइन के संदर्भ में कलाकृति में कौनसे तत्वों का चुनाव करें, दिए गए विषय के लिए कलाकृति कितनी संबंधित है इसकी जाँच करें। अंत में यह गतिविधि यह भी निर्देशित करती हैं की कोई भी विशिष्ट कला को चरण दर चरण कैसे बनाया जाए। |
| **स.३ (ग)** | एक संपादकीय और डिज़ाइन टीम बनाना<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: ७ छात्रों के दो समूह।<br><br>छात्रों के कौशल और रुचि के अनुसार दो समूह बनाये। एक संपादकीय समूह जिसकी ज़िम्मेदारी शिविर के कोई भी टीम/समूह के प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए सभी समाचार पत्र के लेखों को पढ़ना और संपादित करना है। एक संपादकीय चेकलिस्ट प्रदान करें जिसमें समाचार पत्र के घटक, भाषा, पढ़ने योग्यता आदि जैसे पहलू शामिल हैं। दूसरा समूह, डिज़ाइन समूह है जो समाचार पत्रों में मार्जिन बनाने में मदद करेगा। |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| **स.४ (क)** | इंटरव्यू<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>इस गतिविधि में शिक्षक छात्रों से इस बात पर चर्चा कर सकते हैं कि कौनसी परिस्थितियों में इंटरव्यू लेना आवश्यक है, वे किसका इंटरव्यू लेना चाहेंगे और क्यों? छात्रों को एक ऐसे व्यक्ति को चुनने के लिए प्रोत्साहित करें जिसका छात्र इंटरव्यू लेना चाहते हैं और उसके लिए प्रश्न तैयार कर सकते हैं। फिर छात्र उस व्यक्ति का इंटरव्यू लेंगे। अंत में, सभी प्रतिक्रियाओं को संगठित करके उन्हें एक इंटरव्यू के रूप में लिख सकते हैं। |
| **स.४ (ख)** | बाहरी गतिविधि:<br>प्रकृति पर लेख<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सभी छात्र।<br><br>इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को अपने आसपास के परिसर का निरीक्षण करके उसके दस्तऐवजीकरण पार ध्यान केंद्रित करना हैं। छात्रों को विभिन्न प्रकार की पत्तियों को दबाकर उन्हें संरक्षित करके एक साधारण हर्बेरियम तैयार करने के लिए कहें। वे अपने दादा-दादी/परिवार से बात करके कुछ पौधों/पेड़ों का मौखिक इतिहास और उसका दस्तावेजीकरण भी कर सकते हैं। |
| | | |
| **स.५ (क)** | समाचार पत्रों की योजना और सामग्री के आयोजन के लिए लघु संस्करण बनाना (मिनी-अखबार)।<br> | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>छात्रों को अब अपनी बनायी हुई सारी चीजों को एक समाचार पत्र के रूप में एक साथ रखना शुरू कर देना चाहिए। उनको अपने द्वारा बनाए गए समाचार पत्र में अनुभाग की गणना करने और शीर्षक देने के लिए पहले एक मिनी-अखबार (प्रोटोटाइप) बनाना हैं। यह उन्हें समाचार पत्र में रिक्त स्थान को पहचानने में सहायता करेगा और उन रिक्त स्थानों को भरने के लिए चुटकुले, कविता, पहेली, विचार आदि बनाने का अवसर देगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **स.५ (ख)** | कवर पेज (मुखपृष्ठ) डिज़ाइन  | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: सभी छात्र।<br><br>छात्रों को समाचार पत्र के मुखपृष्ठ और लेआउट/चित्रण शैलियों के विभिन्न उदाहरण दिखाए। यह बच्चों को रचनात्मक विचार करते हुए एक अनुकूल और आकर्षक समाचार पत्र बनाने में मदद करेगा। |
| **स.५ (ग)** | प्रोटोटाइप और विज्वल डिज़ाइन: लेआउट, ग्रिड, आदि | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>समाचार पत्रों में प्रमुख भागों को उभारने के लिए छात्रों को विज़ुअल अनुक्रम (hierarchy) बनाने के लिए कहें। इसके लिए छात्र अलग अलग रंगो का उपयोग कर सकते है, साथ ही लिखे गए शब्दों और शीर्षक के आकर को बड़ा या छोटा कर सकते है। |
| **स.५ (घ)** | समाचार पत्र का समापन और प्रदर्शन   | गतिविधि में भाग लेने का तरीका: तीन-चार छात्रों का समूह।<br><br>समाचार पत्र को कागज़ से अपने हाथों से बनाया जाना चाहिए। इसमें एक मुखपृष्ठ होना चाहिए और बाकी सभी चीज़ें अच्छेसे व्यवस्थित किये जाएँ। छात्र अपने साथियों को अपने बनाये गये समाचार पत्र दिखा पाएंगे और प्रदर्शनी में प्रदर्शित भी कर पाएंगे। |